Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 24th December/2022

Result declared for MP SSC Group 2 examination

संयुक्त भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी

इंदौर/ भोपाल | मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने समूह-2 उप समूह-2 सीधी एवं बैकलॉग भर्ती के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 का रिजल्ट जारी कर दिया है। यह परीक्षा सहायक लेखा अधिकारी, लेखापाल, उप अंकेक्षण एवं अन्य समकक्ष पदों के लिए हुई। इसके लिए 14866 उम्मीदवारों को प्रवेशपत्र जारी किए गए थे। जिसमें से 10104 परीक्षा में शामिल हुए। करीब 75 पदों के लिए 19 नवंबर को यह परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में टॉप टेन उम्मीदवारों में 6 भोपाल के हैं। इसके अलावा ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर और सीधी के एक-एक उम्मीदवार हैं। ऑनलाइन परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी के पदों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत और आरक्षित श्रेणी एवं दिव्यांगों के पदों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को उत्तीर्ण मानते हुए विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व सवंर्गवार रिजल्ट तैयार किया गया है। उम्मीदवार अपना रिजल्ट वेबसाइट esb.mp.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)

Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 25th December/2022

Career Guidance Notice

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में आत्मविश्वास हो, लेकिन दूसरा विकल्प भी रखें

2023 में एमपी पीएससी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाएं होना है। लाखों अभ्यर्थी इनमें शामिल होंगे। कई ऐसे अभ्यर्थी हैं, जो बिना कोचिंग के भी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होते हैं। उन्हें खास प्लानिंग के साथ तैयारी करना चाहिए। परीक्षा की तैयारी पूरी प्लानिंग से की जाना चाहिए। आने वाले समय में युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के जरिए संभावनाएं पिछले कुछ वर्षों से ज्यादा रहेंगी, लेकिन उन्हें प्रतियोगी परीक्षा के साथ अन्य विकल्प भी तैयार रखना चाहिए।

▪ **कैसे करें तैयारी?** पढ़ाई के लिए एक ऐसा उपयुक्त स्थान हो, जहां एकाग्रता और शांत मन के साथ बैठकर पढ़ा जा सके। अगर घर छोटा हो तो लाइब्रेरी का चयन किया जा सकता है। शहर में कई छोटी-छोटी लाइब्रेरी हैं, वहां बैठकर पढ़ सकते हैं। इन लाइब्रेरी में बाकायदा नोट्स और महत्वपूर्ण किताबें भी हैं। शुल्क भी नाममात्र का होता है। बिना कोचिंग के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी आसानी से की जा सकती है। दृढ़ आत्मविश्वास के साथ ही पाठ्यक्रम से संबंधित सही और उपयुक्त पुस्तकों का चयन बहुत जरूरी है। इसके अलावा समय सारिणी का उपयोग लाभदायक सिद्ध हो सकता है। दोस्तों के ग्रुप बनाकर तैयारी करें। पुराने पेपर को देखकर पैटर्न को समझें।

▪ **विकल्प क्यों जरूरी?** अगर अभ्यर्थी पीएससी, यूपीएससी या पीईबी की प्रतियोगी परीक्षा में बार बार असफल हो रहे हैं तो दूसरे विकल्प का चयन भी कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से ही इतना नॉलेज मिल जाता है, जिसके बूते किसी भी मल्टी नेशनल कंपनी में जॉब मिल सकती है। वह अपना स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। बिजनेस कर सकते हैं या किसी भी स्तर की कंपनी या संस्था में प्राइवेट जॉब कर सकते हैं।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)